**संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U.T. Administration of Daman & Diu**
**राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Rajbhasha Vibhag, Fort Area**
**मोटी दमण, दमण (सं.प्र.) / Moti Daman, Daman (U.T.)-396220**

सं.रा.भा.11(3)/हिन्दी दिवस-खण्ड-V/2018/ 118/109 दिनांक: 14/08/2018

# प रि प त्र / CIRCULAR

**विषय: हिन्दी पखवाड़ा एवं हिन्दी दिवस मनाये जाने के संबंध में।**

संघ प्रदेश दमण स्थित प्रशासन के सभी कार्यालयों, केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, निगमों, उपक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि प्रशासन के राजभाषा विभाग, दमण द्वारा दिनांक 30.8.2018 से 11.09.2018 तक संयुक्त हिन्दी पखवाड़ा और दिनांक 14.09.2018 को हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग, दमण द्वारा राजभाषा हिन्दी संबंधी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं की सूची इसके साथ संलग्न है। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रतियोगी अपना नाम, पदनाम, संपर्क संख्या, विभाग/ कार्यालय/ विद्यालय/ महाविद्यालय/ संस्थान का नाम तथा प्रतियोगिता का नाम लिखकर अपना आवेदन **दिनांक 27.08.2018** तक **सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण, दमण-3962220** को अवश्य भेज दें।

सभी कार्यालयाध्यक्षों / प्रधानाचार्यों / प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों / विद्यार्थियों / शिक्षकों को उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए हिन्दी पखवाड़ा, 2018 को सफल बनायें।

इसे डायरी संख्या 409399 दिनांक 13.08.2018 के तहत माननीय प्रशासक महोदय, दमण एवं दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के अनुमोदन पर जारी किया जाता है।

**(डॉ. अनिल कौशिक)**
सहायक निदेशक (राजभाषा)

संलग्नक: यथोपरि ।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. माननीय प्रशासक के मुख्य स्टाफ अधिकारी, सचिवालय, दमण
2. माननीय प्रशासक के सलाहकार की वैयक्ति सहायक, सचिवालय, दमण
3. वित्त सचिव / सचिव (राजभाषा) की वैयक्ति सहायक, समाहर्तालय, दमण
4. जिला समाहर्ता, समाहर्तालय, दमण
5. प्रशासन के सभी कार्यालयाध्यक्ष, दमण
6. सभी केन्द्रीय सरकारी कार्यालय के प्रमुख, दमण
7. सभी सरकारी उपक्रम / निगम / राष्ट्रीय बैंक के प्रमुख, दमण
8. सहायक शिक्षा निदेशक, दमण एवं जिला पंचायत, दमण को इस अनुरोध के साथ कि वे इस परिपत्र को दमण स्थित समस्त विद्यालयों में व्यापक प्रचार हेतु भिजवायें।
9. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सचिवालय, दमण को इसे सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
10. क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, सूचना एवं प्रचार कार्यालय, समाहर्तालय, दमण को इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यक्रम की सूचना प्रेस-विज्ञप्ति के रूप में सभी समाचार-पत्रों को भिजवायें।
11. कार्यालय प्रति / गार्ड फाइल।

संघ प्रदेश दमण एवं दीव प्रशासन / U.T. Administration of Daman & Diu
राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Rajbhasha Vibhag, Fort Area
मोटी दमण, दमण (सं.प्र.) / Moti Daman, Daman (U.T.)-396220

**हिन्दी पखवाड़ा, 2018 के अवसर पर आयोजित होनेवाली प्रतियोगिताओं का विवरण।**

| क्र.सं. | दिनांक एवं समय | प्रतियोगिताओं का नाम | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 30.08.2018 (गुरूवार)<br>पूर्वाह्न10.30 से अपराह्न 01.00 बजे तक | हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ एवं<br>हिन्दी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता<br>(अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग) | सभागार, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण |
| 2 | 31.08.2018 (शुक्रवार)<br>अपराह्न 03.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता<br>1. **अधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी वर्ग**<br>विषय: प्लास्टिक की थैलियों की रोकथाम हेतु कारगर उपाय एवं इससे पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव।<br>2. **माध्यमिक वर्ग**<br>विषय: गांधीजी और धर्म की संकल्पता।<br>3. **उच्चतर माध्यमिक वर्ग**<br>विषय: प्रौद्योगिक उपकरणों से दूर भी एक जिंदगी है।<br>4. **महाविद्यालय वर्ग**<br>विषय: सोशल मीडिया का सकारात्मक योगदान।<br>(नोट: शब्द सीमा 300 से 350 शब्द प्रत्येक वर्ग के लिए) | सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण<br>सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण |
| 3 | 04.09.2018 (मंगलवार)<br>अपराह्न 03.00 से अपराह्न 03.30 बजे तक | हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता<br>1. कर्मचारी वर्ग<br>2. विद्यार्थी वर्ग (कक्षा 8 से 12) | सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण |
| 4 | 06.09.2018 (गुरूवार)<br>पूर्वाह्न11.00 से | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता<br>(कर्मचारी वर्ग) | हिन्दी टंकण प्रशिक्षण केन्द्र, राजभाषा विभाग, मोटी दमण |
| 5 | 07.09.2018 (शुक्रवार)<br>पूर्वाह्न10.30 से पूर्वाह्न 01.30 बजे तक | हिन्दी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता<br>1. अधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी वर्ग<br>2. विद्यार्थी वर्ग (कक्षा 8 से 12)<br>3. महाविद्यालय वर्ग | बाल भवन, मोटी दमण |
| 6 | 10.09.2018 (सोमवार)<br>पूर्वाह्न10.30 से अपराह्न 01.30 बजे तक | हिन्दी भाषण प्रतियोगिता<br>1. **अधिकारी / शिक्षक / कर्मचारी वर्ग**<br>विषय: शहरीकरण के दौर में जल-संचयन की अवधारणा।<br>2. **माध्यमिक वर्ग एवं उच्चतर माध्यमिक वर्ग**<br>विषय: एल.ई.डी. लाईटों के प्रयोग से होने वाले लाभ पर चर्चा।<br>3. **महाविद्यालय वर्ग**<br>विषय: प्रतियोगिता परीक्षाओं के क्षितिज पर वर्तमान अध्ययन की दशा एवं दिशा (संघ प्रदेश के संदर्भ में)। | बाल भवन, मोटी दमण |
| 7 | 11.09.2018 (मंगलवार)<br>अपराह्न 03.00 से अपराह्न 03.30 बजे तक | हिन्दी शीघ्र काव्य-लेखन प्रतियोगिता<br>1. कर्मचारी वर्ग<br>2. विद्यार्थी वर्ग (कक्षा 8 से 12) | सरकारी उ. मा. विद्यालय, मोटी दमण |
| 8 | 14.09.2018 (शुक्रवार)<br>पूर्वाह्न10.30 बजे से | हिन्दी दिवस का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण समारोह<br>स्थल: सभागार, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, मोटी दमण। | |

**मार्गदर्शन:**

1. प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिष्टियां नाम, पदनाम, संपर्क संख्या, विभाग / कार्यालय / विद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान का नाम तथा प्रतियोगिता का नाम लिखकर **दिनांक 27.08.2018** तक **सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण, दमण-3962220** को अवश्य भेज दें अथवा व्यक्तिगत रूप से दें। विद्यार्थी वर्ग के प्रतियोगी अपने आवेदन में अपना पूरा नाम, कक्षा एवं विद्यालय/संस्थान के नाम लिखते हुए अपने मोबाइल नम्बर का उल्लेख अवश्य करें।
2. प्रतियोगिता के विजेताओं को **दिनांक 14.09.2018** को हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। इस अवसर पर वे स्वंय व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार प्राप्त करने आयेंगे।
3. हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मोटी दमण एवं सार्वजनिक विद्यालय, नानी दमण में आयोजित होंगे। प्रतियोगी अपनी सुविधा अनुसार किसी एक केन्द्र पर शामिल हो सकते हैं।
4. हिन्दी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रविष्टि एक समूह में तीन प्रतियोगी के आधार पर ही स्वीकार की जाएगी। एकल गायन की अनुमति नहीं दी जाएगी। वाद्य यंत्र के रूप में तबला, हारमोनियम और बांसुरी मात्र ही स्वीकार्य होगा। एक समूह को प्रदर्शन हेतु अधिकतम 03 मिनट का समय आबंटित होगा, जिसे निर्णायक मंडल की अनुमति पर परिवर्तित भी किया जा सकता है। एक संस्थान से अधिकतम 02 प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी।
5. हिन्दी भाषण प्रतियोगिता हेतु अधिकतम 03 मिनट का समय आबंटित होगा, जिसे निर्णायक मंडल की अनुमति पर परिवर्तित भी किया जा सकता है।
6. **सभी विद्यालय/संस्थान/महाविद्यालय से प्रत्येक वर्ग में 4 प्रविष्टियां स्वीकार की जाएगी।**
7. सभी प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक मंडल द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
8. प्रतियोगिताओं से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक (राजभाषा), राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, दमण की दूरभाष सं. (0260) - 2230467 पर संपर्क किया जा सकता है।

======= XXX =======